कुलपति पहुंचे कॉलेजों में, खाली मिलीं कक्षाएं

देहरादून, 11 अक्तूबर (ब्यूरो) : उत्तराखंड तकनीकी विश्वविद्यालय के कुलपति के औचक निरीक्षण में कई कक्षाएं लगभग खाली मिलीं। साथ ही छात्रों के उपस्थिति रजिस्टर भी कई जगह नहीं बनाए गए हैं। विश्वविद्यालय की तरफ से ऐसे कालेजों को व्यवस्थाएं सुधारने की चेतावनी दी है और साथ ही कहा है यदि स्थितियां नहीं सुधरीं तो कालेज के खिलाफ कार्यवाही की जाएगी।

विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर ओंकार सिंह ने बुधवार को रूड़की क्षेत्र में विश्वविद्यालय से एफिलिएटिड तीन फार्मेसी कालेजों का निरीक्षण किया। इन कालेजों में आरसीपी, इंजीनियरिंग कालेज आईटीआर और मैनेजमेंट संस्थान आरसीएम शामिल हैं। निरीक्षण के दौरान जब कुलपति कक्षाओं में पहुंचे

■ तकनीकी विश्वविद्यालय के वीसी का रुड़की के तीन कॉलेजों में औचक निरीक्षण

तो फार्मेसी कालेज में प्रथम व चतुर्थ वर्ष के छात्र कक्षा में नहीं पाए गए। कक्षाएं पूरी तरह खाली मिली। द्वितीय वर्ष की कक्षा में भी कुल पंजीकृत 28 छात्रों की संख्या में से मात्र चार छात्र ही कक्षा में उपस्थित पाए गए।

जब कुलपति ने अकैडमिक प्रशासन को छात्रों के उपस्थित रजिस्टर मांगे तो पता चला कि अभी तक उपस्थिति रजिस्टर ही नहीं बने हैं। छात्रों को लैब में भी नहीं ले जाया जा रहा है जबकि विश्वविद्यालय का अकैडमिक सत्र 16 अगस्त से शुरू हो चुका था। कुलपति ने अपने सामने ही उपस्थिति रजिस्टर तैयार करवाये। ये कालेज विश्वविद्यालय को भी उपस्थिति का रिकॉर्ड नहीं भेजा जा रहा था।

फार्मेसी कालेज जैसी स्थिति आईटीआर इंजीनियरिंग कालेज और आरसीएम मैनेजमेंट कालेज की भी रही। तीनों कालेजों की स्थिति देखकर कुलपति ने नाराजगी जताई। कुलपति ने कालेज प्रबंधन और कालेज अकैडमिक प्रशासन को तत्काल कालेज में सुधार करने को कहा है। उन्होंने कहा है कि ऐसा न करने पर संस्थानों के विरूद्ध कठोर कार्रवाई करने की प्रक्रिया अपनाई जाएगी।